दिनांक 02.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ मौसमी बिमारी के रोकथाम तथा बचाव के लिए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा निगम क्षेत्र के 43 विभिन्न वार्डों में अप्रैल से नवम्बर तक लगातार 8 माह स्वास्थ्य शिविर लगाकर नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साा मच्छरों के उन्मूलन तथा उसके लारवों को नष्ट करने के लिए धुओं तथा कीटनाशक दवाई का छिड़काव भी किया जावेगा।

आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार मौसमी बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव तथा मच्छर उन्मूलन हेतु निगम के 43 वार्डों में प्रथम चरण का 01 अप्रैल से 29 नवम्बर 2018 तक निरंतर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला भिलाई द्वारा लगायी गयी डॉक्टर/स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीम द्वारा निर्धारित तिथि में प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक विशेष स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित रहकर नागरिकों की स्वास्थ्य परीक्षण एवं मौसमी बिमारियों के बचाव हेतु आवश्यक उपाय बताया जायेगा।

आयुक्त श्री चौहान ने कहा कि शिविर हेतु निर्धारित तिथि एवं नियत क्षेत्रों में हेण्डसेट फागिंग मशीन से मच्छर उन्मूलन हेतु धुओं का छिड़काव एवं स्पेयर पम्प द्वारा नाली एवं गंदे स्थानों के जमाव पानी में कीटनाशक औषधि का छिड़काव का कार्य किया जायेगा।

जन सम्पर्क विभाग